राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

दो विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त

एम.एल.एस.यू में श्री अमेरिका सिंह और जी.जी.टी.यू में श्री आई.वी. त्रिवेदी कुलपति बने

जयपुर, 20 जुलाई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने राज्य के दो राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की है। कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलोजी, लखनऊ के डीन (रिसर्च) प्रोफेसर अमेरिका सिंह को कुलपति नियुक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आई.वी.त्रिवेदी को गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाडा में कुलपति नियुक्त किया है।

—

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, राज्यपाल, राजस्थान
98292—71189